# उपलब्धि : 30 साल से कम उम्र वाले युवा उद्यमियों में यूपी के छह

## हुरुन इंटरनेशनल और एवेंडस वेल्थ की रिपोर्ट : देश में महाराष्ट्र पहले तो यूपी चौथे पायदान पर, मुंबई 15 उद्यमियों के साथ सबसे आगे, 500 करोड़ तक है इनकी संपत्ति

अभिषेक गुप्ता


ऋषभ गोयल (30) नोएडा


ऋतुराज सिंह (26) अमरोहा


सरीम खान (26) नोएडा


ऋषभ शेखर (27) गाजियाबाद


श्रेष्ठ मिश्रा (29) फैजाबाद


चेतन आनंद (30) नोएडा

**21**

उद्यमियों के साथ सॉफ्टवेयर उत्पाद व सेवा का सबसे अधिक प्रतिनिधित्व

लखनऊ। महज 30 वर्ष से भी कम उम्र में अपनी मेधा के दम पर पहली पीढ़ी के कारोबारी बने युवाओं में 6 यूपी के हैं। प्रतिष्ठित प्रकाशन समूह हुरुन इंटरनेशनल और एवेन्डस वेल्थ के ताजा अध्ययन में ये खुलासा हुआ है।

इस सूची में कुल 79 युवाओं ने जगह बनाई है। खास बात ये है कि यूपी के 6 युवाओं में से एक फैजाबाद के श्रेष्ठ मिश्रा और अमरोहा के ऋतुराज सिंह हैं। एक गाजियाबाद और तीन नोएडा के हैं। युवा पीढ़ी के नए उद्यमियों के मामले में यूपी देश का चौथा राज्य है। मुंबई 15 उद्यमियों के साथ सबसे आगे है। सूची में 30 वर्ष से कम आयु के उन युवा लीडरों को शामिल किया गया है, जो असाधारण क्षमता रखते हैं और भारतीय उद्यम के भविष्य को नए सिरे से गढ़ रहे हैं।

इन युवाओं के उद्यमों की नेटवर्थ महज कुछ ही साल में 250 करोड़ से 500 करोड़ रुपये के बीच हो गई है।

हुरुन इंटरनेशनल के चीफ एनालिस्ट अनस रहमान ने कहा कि अमरोहा और फैजाबाद जैसे छोटे जिलों के युवा लीडरों को जगह मिलना बड़ी बात है। अमरोहा के ऋतुराज और सरीम खान का स्टार्टअप ट्रायोमिक्स एक हाईटेक एआई प्लेटफार्म है जो कैंसर रोगियों के लिए बनाया गया है।

ये इंटीग्रेटेड माडल नहीं है बल्कि ऑन्को एलएलएम एक सिस्टम है जो सामान्य माहौल में कैंसर पीड़ित को बीमार होने का बोध कराए बगैर उनकी निगरानी, डाटा के साथ एआई को वास्तविक दुनिया के हिसाब से निर्णय लेने में सक्षम बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। इसी तरह फैजाबाद के श्रेष्ठ के सिंपल एनर्जी की कहानी सिर्फ़ एक इलेक्ट्रिक स्कूटर की नहीं है; यह एक युवा भारतीय स्टार्टअप की कहानी है जो बड़े सपने देखने, बदलाव लाने और कुछ नया करने का साहस रखता है। वे साबित करते हैं कि जब जुनून और दृढ़ता का मेल होता है, तो सबसे स्थापित बाजारों को भी चुनौती दी जा सकती है और नए भविष्य का निर्माण किया जा सकता है।

### सूची में यूपी चौथे स्थान पर

| रैंक | राज्य | उद्यमियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | महाराष्ट्र | 21 |
| 2 | कर्नाटक | 10 |
| 3 | राजस्थान | 09 |
| 4 | उत्तर प्रदेश | 06 |
| 5 | तमिलनाडु | 06 |
| 6 | हरियाणा | 04 |
| 7 | दिल्ली | 04 |
| 8 | गुजरात | 04 |
| 9 | पंजाब | 03 |
| 10 | प. बंगाल | 03 |

### सूची में शामिल अरबपति युवाओं की औसत उम्र 28 वर्ष

सूची में शामिल युवाओं द्वारा शुरू उद्यमों और प्रोफाइल से कई रोचक खुलासे हुए हैं। कैवल्य वोहरा (22 वर्ष) इस साल सबसे कम उम्र के सह-संस्थापक हैं, जो क्विक कॉमर्स स्टार्टअप जेप्टो से जुड़ी हैं। सूची में शामिल युवाओं की औसत उम्र 28 वर्ष है। देविका चेलप (28) सबसे कम उम्र की महिला हैं। आठ पूर्व छात्रों के साथ, बिट्स पिलानी सभी स्नातक संस्थानों में सबसे आगे है? इसके बाद आईआईटी रुड़की और आईआईटी दिल्ली 6-6 उद्यमियों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। सॉफ्टवेयर उत्पाद और सेवाएं 21 उद्यमियों के साथ सबसे अधिक प्रतिनिधित्व वाले उद्योग के रूप में उभरी हैं,। इसके बाद उपभोक्ता वस्तुओं में 12 और वित्तीय सेवाओं में 9 उद्यमी हैं। ये उद्यमी अपने उद्यम के जरिये 64,175 कर्मचारियों को रोजगार दे रहे हैं। जो उनके परिचालन पैमाने और अर्थव्यवस्था पर बढ़ते प्रभाव का प्रमाण है। 79 में से 66 उद्यमी पहली पीढ़ी के संस्थापक हैं।